Hindustan - New Delhi - 13-09-2011

डीटीयू पहुंची आस्ट्रेलिया की ला टॉर्ब यूनिवर्सिटी

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ रिसर्च और इनोवेशन में कोलेब्रेशन के लिए सोमवार को आस्ट्रेलिया की ला टॉर्ब यूनिवर्सिटी का डेलिगेशन पहुंचा। दोनों यूनिवर्सिटी के बीच होने वाले कोलेब्रेशन के तहत दोनों यूनिवर्सिटी के छात्र और शिक्षक एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर सकेंगे। ला टॉर्ब यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया की बेहतरीन यूनिवसिटी में से एक है और विश्वभर में शैक्षिक श्रेष्ठता और इनोवेशन के लिए जानी जाती है। विजिट के दौरान डीटीयू के वाइस चांसलर डा. पी. बी. शर्मा ने बताया कि साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मेलजोल से डीटीयू में रिसर्च और इनोवेशन का स्तर पूरी तरह से बदल जाएगा। आस्ट्रेलिया से आने वाले इस दल में यूनिवर्सिटी के प्रो. ब्रीआन मेकग्रो, डीन ऑफ फेकेल्टी ऑफ साइंसेज, टेक्नोलॉजी और इंजीयरिंग प्रो. टेरी स्पीतहिल, एग्रीबायोसाइंस और एनिमल साइंस और सीनियर इंटरनेशनल ऑफिसर नंडी लक्ष्मनन थे।